राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

प्रो. त्रिभुवन शर्मा राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (जोबनेर) जयपुर में प्रथम कुलपति नियुक्त

राज्यपाल श्री बागडे ने जारी किए नियुक्ति आदेश

जयपुर, 7 फरवरी । राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे ने प्रो. त्रिभुवन शर्मा को राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (जोबनेर) जयपुर में प्रथम कुलपति पद पर नियुक्ति के आदेश जारी किए हैं। श्री बागडे ने राज्य सरकार के परामर्श से यह नियुक्ति की है।

राज्यपाल श्री बागडे द्वारा जारी आदेश में प्रो. त्रिभुवन शर्मा को यह नियुक्ति कार्यभार संभालने की तिथि से 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक इनमें से जो भी पहले के लिए की है।